C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 7:10 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:27 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



पर्दे पर फिर से दस्तक देने...पेज-3 पर

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 35 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 21 जुलाई 2024

## News कॉर्नर

### आज कुमाऊं में भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट



**हल्द्वानी।** मौसम वैज्ञानिकों का कहना है अगले दो से तीन दिन प्रदेश भर के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी तेज बारिश होने के आसार हैं। उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में रविवार से अगले दो दिन भारी से भारी बारिश होने के आसार हैं। ऐसे में मौसम वैज्ञानिकों ने कुमाऊं के कुछ जिलों के लोगों को दिन के साथ रात में भी ज्यादा सतर्क रहने की हिदायत दी है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से चम्पावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के कुछ हिस्सों में भारी से भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा जिले के कुछ इलाकों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों के लिए बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।...

*दुकानों में घुसा बारिश का..पेज 4 पर*

### तेंदुए को लेकर लोग दहशत में, विभाग से गश्त की मांग

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से लोग दहशत में हैं। लोगों ने क्षेत्र में वन विभाग से गश्त की मांग की है। बता दें कि नैनीताल में आये दिन आवासीय क्षेत्रों में जगह- जगह तेंदुए दिखाई देते हैं। कई तेंदुए सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो चुके हैं वहीं कई तेंदुए कुत्तों का शिकार करते भी सीसीटीवी में नजर आए हैं जिससे रात के समय अब लोगों में भय बना रहता है। इन दिनों अब तल्लीताल फ रॅस्ट कॉलोनी व उसके आसपास के आवासीय क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई दे रहा है। तेंदुए की दस्तक से लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त करने की मांग की है। मामले में नैनीताल नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद तिवारी ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है क्षेत्र में गश्त की जाएगी।

## आषाढ़ी गुरु पूर्णिमा: गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाने पहुंचे श्रद्धालु

**हरिद्वार**

हमारे संवाददाता

गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा और वेद पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। यह हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार यह त्योहार हर साल के आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। आज यह पर्व मनाया जा रहा है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाने के लिए घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे हैं। बहुत से श्रद्धालु सेवेरे से ही घाटों में आना शुरू हो गये थे और उन्होंने आस्था



की डुबकी लगाई। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा और वेद पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। यह हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार यह त्योहार हर साल के आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। आज यह पर्व मनाया जा रहा है।

**आस्था**

- श्रद्धालु सेवेरे से ही घाटों में आना शुरू हो गये

गुरु पूर्णिमा का महत्व गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतीक है। इस दिन, शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए उनका सम्मान करते हैं। गुरु पूर्णिमा भारत में अपने आध्यात्मिक गुरु के साथ-साथ अकादमिक गुरुओं के सम्मान में उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाने वाला पर्व है।

केदारनाथ पैदल मार्ग पर बड़ा हादसा

## पहाड़ी से गिरा मलबा, तीन यात्रियों की मौत, पांच घायल

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

केदारनाथ धाम की यात्रा के दौरान आज बड़ा हादसा हो गया। बारिश के चलते गौरीकुंड के पास यात्रियों पर अचानक पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिर गए। जिससे तीन की मौत हो गई, पांच घायल हैं।

गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। चिरबासा के पास पहाड़ी से अचानक भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर गिर गए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि यात्रा पर जा रहे तीन तीर्थयात्री की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हो गए। घायलों में भी दो यात्री महाराष्ट्र के व अन्य स्थानीय बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए गौरीकुंड अस्पताल में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, घटना सुबह साढ़े सात बजे की बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव कार्य जारी है।



हादसे में मृतकों की पहचान किशोर अरुण पराटे(31), नागपुर महाराष्ट्र, सुनील महादेव काले(24 ) जालना महाराष्ट्र, अनुराग बिष्ट, तिलवाड़ा रुद्रप्रयाग के रूप में हुई है। बता दें कि केदारनाथ में 16 किमी लंबे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर पल-पल भूस्खलन का खतरा रहता है। चीरबासा भूस्खलन जोन है, जहां प्रत्येक बरसात में पहाड़ी से पत्थर गिरने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां बीते वर्ष भी पहाड़ी से भूस्खलन होने के कारण एक व्यक्ति की जान चली गई थी।

### सीएम धामी ने जताया दुख

केदारनाथ यात्रा मार्ग पर हुए हादसे को लेकर सीएम धामी ने दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा पहाड़ी से मलबा व भारी पत्थर गिरने से कुछ यात्रियों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दु:खद है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है, इस संबंध में निरंतर अधिकारियों के संपर्क में हूं। हादसे में घायल हुए लोगों को त्वरित रूप से बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

## दिनेशपुर निवासी किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

थाना दिनेशपुर क्षेत्र निवासी एक किशोरी को संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसने उपचार के दौरान दम तोड दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार को थाना दिनेशपुर क्षेत्र निवासी 15 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध हालात में तबियत बिगड़ गई। परिजनों को उसकी हालत बिगड़ते देख उनके परिजनों के होश उड़ गए। परिवार के लोग उसे रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि किशोरी ने उपचार के दौरान दम तोड दिया है। अस्पताल से इस मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को भेजी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने परिजनों से मामले में जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि खाना खाया था। इसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गई। कोतवाल एमएस दसौनी ने बताया कि महिला एसआई नेहा राणा को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। मौत का सही कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### बगवाड़ा क्षेत्र में अज्ञात शव बरामद, हड़कंप

**रुद्रपुर।** कोतवाली की चौकी बगवाड़ा क्षेत्र में एक अज्ञात शव मिलने पर हड़कंप मच गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी बीच सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। जानकारी के मुताबिक शनिवार देर शाम को बगवाड़ा क्षेत्र में एक अज्ञात शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर संबंधित चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद लोगों से जानकारी ली। कोतवाल एमएस दसौनी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति हैं और उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जानकारी जुटाई गई तो लोगों ने बताया कि यह व्यक्ति अक्सर इसी क्षेत्र में घूमता रहता था। मृतक की उम्र 50 वर्ष बताई जा रही है।

## खेत से रास्ते को लेकर दो पक्षों में विवाद, घटना सीसीटीवी में कैद

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने खेत से रास्ता को लेकर हुए विवाद के बाद एक पक्ष की तहरीर पर बाप बेटों पर मारपीट,जान मारने की थमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र रायपुर निवासी अमरीक सिंह पुत्र दर्शन सिंह ने बताया कि 19 जुलाई 24 की सायं करीब 7 बजे की घटना है कि खेत से 50 वर्षों से पुराना रास्ता है। पड़ोसी सुरजीत सिंह उर्फ सीता, इसके पुत्र लखविन्दर उर्फ लक्की, हरजिन्दर सिंह उर्फ बनिया उसके खेत से अलग से 30 फिट का रास्ता मांग रहे हैं । मना करने पर वह लोग भाई अमरजीत सिंह व परिवार पर लाठी डंडो, लात-घुसों से बुरी तरह से मारपीट की।

**मुकदमा**

- एक पक्ष के पिता-पुत्र पर मारपीट के आरोप में मुकदमा

पिता दर्शन सिंह के गुण चोटे आई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। आरोप है कि उक्त लोग जाते-जाते परिवार को जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गये है। बताया कि पूर्व में वह लोग परिवार को गाली गलौच, मारपीट कर चुके है। वह लोग दबंग किस्म के है। आये दिन किसी ने किसी से लड़ते रहते है। पीड़ित पुलिस से कार्रवाई की मांग की। उक्त लोगों से जान माल का खतरे की भी आशंका जताई है। कोतवाल एमएस दसौनी ने बताया कि मारपीट के आरोपी बाप बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच की जा रही है।

## आंध्र-बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग

**नई दिल्ली**

एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में वाईएसआरसीपी ने आंध्र प्रदेश राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की है। कांग्रेस नेता ने बताया कि टीडीपी नेता इस मामले पर चुप रहे।

संसद के मुख्य समिति कक्ष, संसदीय सौध में सर्वदलीय बैठक हुई। यह बैठक संसद की कार्यवाही के लिए सहमति बनाने के मुद्दे पर हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा समेत कई पार्टियों के नेता मौजूद रहे। बैठक में चिराग पासवान और कांग्रेस से प्रमोद तिवारी और गौरव गोगोई भी शामिल हुए। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में वाईएसआरसीपी ने आंध्र प्रदेश राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की है। कांग्रेस नेता ने



बताया कि टीडीपी नेता इस मामले पर चुप रहे। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष का पद की मांग की और साथ ही नीट का मुद्दा भी उठाया।

जयराम रमेश ने ये भी दावा किया कि जदयू ने भी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। सत्तारूढ़ एनडीए में एक प्रमुख सहयोगी जेडी(यू) ने हाल ही में बिहार के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा या पैकेज की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया था। राजद सांसद ने संसद में विपक्षी सांसदों को भी बोलने की मंजूरी देने की अपील की। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने नीट-यूजी का मुद्दा उठाया।

साथ ही ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने उत्तर प्रदेश में कांवड़ मार्ग पर खाद्य पदार्थों की दुकानों पर नामपट्टिकाओं का मुद्दा उठाया।

### कांग्रेस ने सरकार को घेरा

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार बैसाखियों पर टिकी है और संविधान, उसके मूल्यों और परंपराओं की हत्या कर रही है। जिस तरह से संविधान निर्माता बी.आर. अंबेडकर और महात्मा गांधी की प्रतिमाओं को यहां से हटाया गया है, जिस तरह से संवैधानिक एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है, बेरोजगारी और महंगाई सरकार की नीतियों के कारण बढ़ रही है, जिस तरह से जम्मू-कश्मीर के संवेदनशील इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों पर हमले हो रहे हैं और यह सरकार इन सबको कायरता के साथ तरह देख रही है, जिस तरह से इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के बलिदान का अनादर किया जा रहा है।

# बैठक: सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत व जल के मुद्दे उठाए

नैनीताल

हमारे संवाददाता



क्षेत्र पंचायत भीमताल की बैठक शनिवार को ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इससे पूर्व बैठक का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट, विधायक सरिता आर्य, दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा और सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों द्वारा सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, जल संस्थान तथा जल निगम, सिंचाई व ग्रामीण निर्माण विभागों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से सदन में उठाया।

खास बात यह रही कि सभी सदस्य क्षेत्र पंचायत व प्रधान गणों ने शालीनता से अपनी समस्याओं को उठाया और कई विभागीय अधिकारियों ने संतोषजनक जवाब दिया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख डा.बिष्ट ने मुख्य विकास अधिकारी से सभी समस्याओं को शीघ्र से समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनप्रतिनिधियों द्वारा जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में विद्युत विभाग तथा ग्रामीण निर्माण विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त की।

बैठक में भीमताल ब्लॉक के रानीबाग की प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य ने रानीबाग के शीतला मंदिर के पास सडक चौड़ीकरण, सडकों पर पैराफि ट लगाने की मांग रखी। कहा सडक़ चौड़ी नहीं होने से आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। कहा की कई बार समस्याओं सात अधिकारियों को अवगत कराया गया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिसपर राष्ट्रीय राजमार्ग के सहायक अभियंता ने बताया सडक़ चौड़ी करण की डीपीआर शासन स्तर पर स्वीकृत हो गई है। साथ ही जिन जगहों पर पैराफिट नहीं लगे उन्हें लगाने का काम जल्द किया जाएगा।

वहीं सीडीओ अशोक कुमार पांडे ने अधिकारियों को जिन जगहों पर पैराफिट नहीं लगे है उन जगहों पर पौराफिट लगाने को कहा। बैठक में पांडे गांव में सडक़ का काम पूरा करने, अंबेडकर तथा हरीनगर सडक़, जंगलिया गांव बुदाधुरा मलूवाताल डामरीकरण, अमृतपुर छोटा कैलाश जंगलिया गांव छोटा कैलाश मोटर मार्ग डामरीकरणए सूर्यगाव सात ताल मोटर मार्ग सम्बंधित व अन्य सड़कों पर कार्यवाही करने की जनप्रतिनिधियों ने मांग की। बैठक में सडकों के चौड़ीकरण तथा डामरीकरण और दीवार निर्माण कार्य करने की जनप्रतिनिधियों ने मांग की। बैठक में ग्राम प्रधान ल्वेशल ने शिक्षा विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा वर्षो से जिस जमीन पर विद्यालय की दीवार बनी हुई है।

उस पर किसी अन्य व्यक्ति का हक होने की बात कह कर हटाने को कहा गया। कहा की बाहरी व्यक्ति द्वारा विद्यालय से लगी जमीन को खरीदा गया जिसपर ब्लॉक प्रमुख डा हरीश सिंह बिष्ट तथा विधायक सरिता आर्य ने अधिकारियों को सही से कार्यवाही करते हुए विद्यालय की जमीन पर किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं करने के निर्देश दिए।

बैठक में आरईएस विभाग के अधिशासी अभियन्ता के नदारद रहने पर सदन ने नाराजगी जताई, मुख्य विकास अधिकारी ने नदारत रहने पर एक दिन का वेतन रोकने तथा विभागीय कार्यवाही करने की बात कही। बैठक के पश्चात् कोविड काल में जान की परवाह किए बिना ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य को सम्मान प्रमाण पत्र दिया गया।

## भतीजी को बहलाकर ले जाने का आरोप

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने एक युवक पर उसकी भतीजी को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने का आरोप लगाया है, साथ ही उनके पुस्तैनी जेवर भी ले जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपते हुए मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

बता दें कि मल्लीताल वेल्ड्राफ होटल कम्पाउंड निवासी इकबाल हुसैन ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि उनकी पुत्री विगत कुछ महीने से राजपुरा कम्पाउंड निवासी एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग में है। दोनों ने बीते दिनों एसडीएम कोर्ट में शादी के लिए आवेदन भी किया था। जिसका पता चलने के बाद बेटी को समझाया तो उन्होंने आवेदन पत्र वापस ले लिया। लेकिन 18 जुलाई रात तीन बजे युवक की ओर से बहला फुसलाकर नकदी व पुस्तैनी जेवर लेकर युवती को भगा ले गया जिससे उनको अनहोनी का अंदेशा है। उन्होंने मामले में आवश्यक कार्रवाई करने की माँग की है।



## नैनीताल में वीकेंड को लेकर पर्यटकों की भीड़ से रौनक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भले ही नैनीताल में इन दिनों आफ सीजन चल रहा है लेकिन वीकेंड के दौरान पर्यटकों की भीड-भाड़ से अभी भी रौनक देखने को मिल रही है।

वीकेंड पर देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों ने नैनीताल में खूब मौज मस्ती की। नगर के सूखाताल स्थित केव गार्डन में दिनभर पर्यटकों ने प्राकृतिक गुफाओं के दीदार किए। नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग स्थित वुडलैंड वाटर फाल में 678 पर्यटकों ने मौज मस्ती की तो वहीं दूसरी ओर नारायणनगर स्थित हिमालयन बाटनिकल गार्डन के दीदार को 173 पर्यटक पहुंचे। पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार का भी आनंद लिया।

इसके साथ ही उन्होंने चिड़ियाघर,स्नोव्यू, बारापत्थर के साथ ही हनुमानगढ़ी,सरिताताल के साथ ही अन्य दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने की वजह से दिनभर खूब रौनक देखने को मिली।

## हल्द्वानी शहर के बीच से बस अड्डे को हटाना जरूरी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड में मांग की है कि हल्द्वानी की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बस अड्डे को शहर के बीच से हटाना नितांत आवश्यक है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि हम शहर की सड़कों को कितना ही चौड़ा कर लें लेकिन बड़ी बसों के शहर में आने से लगने वाले जाम को नहीं रोक सकते हैं। हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि रोडवेज एवं केमोयू के बस अड्डे को अस्थाई रूप से बाहर करके परिणाम देख लें।

इन बस अड्डों के बाहर जाने से टैक्सी व टैम्पो आदि भी सवारियों के लिए वहीं चले जाएंगे और शहर में यातायात सुव्यवस्थित ढंग से काम करने लगेगा। उन्होंने कहा कि वे इस संदर्भ में माननीय मुख्यमंत्री जी से भी मुलाकात करेंगे। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं हर्ष वर्धन पाण्डे ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि शहर के बीच में बस अड्डे के होने से लगातार जाम लगने की समस्या बनी रहती है प्रशासन ने ट्रान्सपोर्ट नगर में अस्थाई रूप से बस अड्डे को स्थानांतरित करने की बात कही थी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नगर अध्यक्ष श्री योगेश शर्मा एवं महासचिव मनोज जायसवाल ने कहा कि इस संदर्भ में हम शीघ्र ही नगर कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव पारित करेंगे और इस ज्वलंत समस्या पर आन्दोलन करने का प्रस्ताव भी रखेंगे।

## NEWS / फटाफट

### रोगों से बचाव के लिए कराई फॉगिंग



**नैनीताल।** बरसात के दिनों में संक्रामक रोगों से बचाव के लिए नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से शनिवार से फागिंग शुरु कर दी है। बता दें कि बरसात के दिनों में नालियों में पानी जमा होने समेत अन्य कारणों की वजह से कई संक्रामक रोग पैदा हो जाते हैं। संक्रमण से बचाव के लिए नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्रा के निर्देश पर सफाई निरीक्षक हिमांशु चंद्रा के नेतृत्व में पालिक की टीम की ओर से शनिवार को विभिन्न वार्डो में फार्गिग शुरु कर दी गयी है।

### दो युवकों ने साथी पर लगाया चोरी का आरोप

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल के एक रेस्टोरेंट में कार्यरत दो युवकों ने उनके साथ काम करने वाले युवक पर चोरी का आरोप लगाया है। युवकों ने साथी पर गूगल पे से उनके अकाउंट से पैसे निकालने की बात कही है। कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि अल्मोड़ा निवासी जगदीश व इंदर सिंह बिष्ट ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा है कि वह मल्लीताल स्थित एक प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट के किचन में काम करते हैं। बीते दो दिन पूर्व उनके साथ काम करने वाले एक साथी ने चोरी छिपे दोनों के मोबाइल से पांच हजार व तीन हजार रुपये अपने नम्बर पर ट्रांसफ र कर दिए। बीते रोज जब उन्होंने गूगल पे पर अपना बैलेंस चैक किया तो उनको बैलेंस कम नजर आया। जब ट्रांजेक्शन देखा गया तो दोनों युवकों के गूगल पे अकाउंट से उक्त युवक के गूगल पे अकाउंट में पैसे ट्रांसफर किये गए थे जबकि उन्होंने वह पैसे ट्रांसफर नहीं किये। जब युवक से सम्पर्क करने की कोशिश की लेकिन उसने कॉल नहीं उठाया साथ ही उसका भी कहीं पता नहीं चल पाया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### नियमितिकरण समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी

**देहरादून/नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढवाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितिकरण समेत अन्य मांगों को लेकर निगम मुख्यालय देहरादून में शनिवार को भी धरना प्रदर्शन जारी रहा।

इस दौरान महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात की तथा विस्तार से मांगों को लेकर वार्ता कर उनके समाधान की मांग की। इस दौरान उन्हें पौधा भी भेंट किया गया। धरना स्थल में मांगों के समर्थन में दिनभर सभा चलती रही,सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर जोगेंद्र लाल,संजय भट्ट,रमेश सिंह कपकोटी,पीतांबर दुम्का,गौतम कुमार,कंचन चंदोला,जयपाल सिंह बिष्ट,नरेंद्र कंडारी,श्याम लाल सैंजवाल,अनिल जोशियाल,रमेश शर्मा, महेंद्र फर्स्वाण,कमला धानिक तथा रजनी समेत महासंघ से जुड़े पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

### महिला मोर्चा अध्यक्ष रितु खंडूरी का स्वागत किया



**हल्द्वानी।** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा की अध्यक्ष रितु खंडूरी का एड. विजयालक्ष्मी चौहान के हाइडिल गेट स्थित कार्यालय में सपरिवार स्वागत किया एवं हरेले की बधाई दी। स्वागत कार्यक्रम के बाद रितु खंडूरी की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता करते हुए माता संतोष सिंह ने पौधरोपण किया। स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा परिवार के सभी सदस्यों एवं गो ग्रीन ओसियन फाउंडेशन की महिलाओं का हार्दिक धन्यवाद किया।

## आशीर्वाद क्लब ने मल्लाबगड़ में 24 महिलाओं को छाता और कपड़े बांटे

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल में आशीर्वाद क्लब के द्वारा ग्राम पंचायत मल्लाबगड़ में प्रधान भगवती देवी के आवास के प्रांगण में गांव की 24 महिलाओं व ग्राम प्रधान को छाताएं व वस्त्र वितरित किए गए।

इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने क्लब के पदाधिकारियों को कई समस्याओं से भी अवगत कराया गया। क्लब की ओर से उन्हें आश्वासन दिया गया कि उनकी समस्याओं के समाधान का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान क्लब ने कहा कि अगले कार्यक्रम में उन महिलाओं को सिलाई मशीन दी जाएगी साथ ही सिलाई का प्रशिक्षण देने वाली महिला भी उन्हें प्रशिक्षण देगी। प्रशिक्षण देने वाली महिला का वेतन भी क्लब द्वारा किया जाएगा तथा सिलने के लिए वस्त्र भी क्लब देगा साथ ही गरीब लडकी की शादी में भी क्लब अपना पूरा-पूरा सहयोग देगा।कार्यक्रम के दौरान जो ग्रामीण लड़कियां इंटर पास कर घर बैठ गई उन्हें प्राइवेट फार्म भरकर शिक्षा ग्रहण करने का सुझाव भी क्लब के सदस्यों द्वारा दिया गया।ग्रामीण महिलाओं में हंसी देवी, राधा, आशा, शांति, कमल, जानकी, मुन्नी ,दीपा तथा हेमा इत्यादि द्वारा संस्था के सदस्यों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया इस मौके पर मोनिका साह, रेखा त्रिवेदी, निधि कंसल, वर्षा, अंजलि श्रीवास्तव, मानसी, रेखा कंसल, नीलू एल्हेंस, शोभा गुप्ता मौजूद थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## सच किया स्वीकार

*हरीश रावत ने जिस तरह यह स्वीकार किया है कि कांग्रेस को पर्वतीय लोगों का विश्वास जीतने की चुनौती है, उसी तरह यह कटु सत्य बोलने का साहस जुटायें कि कांग्रेस में गुटबाजी और उत्तराखंड के कांग्रेसियों द्वारा एक-दूसरे की टांग खिंचाई तथा सार्वजनिक रूप से आरोप-प्रत्यारोप के कारण लोगों का कांग्रेस से मोहभंग हो गया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और हरीश रावत लगातार एक-दूसरे के खिलाफ बयान देते रहते हैं। करन माहरा ने लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कहा कि वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव लड़ने से इन्कार कर दिया, इसलिए प्रदेश की सभी सीटों पर पार्टी हार गई।*

पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत हमेशा सक्रिय रहते हैं। बयानबाजी से मीडिया और जनता के बीच अपनी मौजूदगी बनाये रखते हैं। चुनाव हारने के बाद अज्ञातवास में नहीं जाते हैं। बिना भीड़ के दर्जनभर लोगों के साथ चलते हुए वाहन से उतरकर दो-चार घंटे सांकेतिक धरना देने तथा राजधानी देहरादून में सरकार के निर्णय के खिलाफ मौन धारण करके हरीश रावत सियासत में उपस्थिति दर्ज कराते रहते हैं। उत्तराखंड में कांग्रेस के सबसे अनुभवी और वरिष्ठ नेता हरीश रावत हैं। लोकसभा चुनाव में हरिद्वार से अपने बेटे को कांग्रेस का प्रत्याशी बनवाकर चुनाव की बागडोर हरीश रावत ने संभाली, हालांकि उनके बेटे के साथ ही राज्य में कांग्रेस के अन्य उम्मीदवार भी पराजित हो गये। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद लम्बी चुप्पी तोड़ते हुए हरीश रावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस के सामने पर्वतीय लोगों का विश्वास फिर जीतने की चुनौती है। हरीश रावत ने सिर्फ पर्वतीय लोगों का उल्लेख किया है, क्योंकि उनका बेटा और कांग्रेस के अन्य प्रत्याशी पराजित हुए हैं। सच यह है कि पूरे देश में ज्यादातर मतदाताओं का भरोसा कांग्रेस से उठ चुका है। तीन दर्जन पार्टियों का गठबंधन बनाकर भी कांग्रेस सत्ता हासिल करने में विफल रही। हरीश रावत राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं। उत्तराखंड के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की स्थिति पर विचार करके पार्टी हाईकमान के नेताओं से कहना चाहिए कि जनता का विश्वास अर्जित करने के लिए प्रयास किये जायें। उत्तराखंड में भाजपा के बाद कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी है। जमीनी स्तर पर पार्टी का संगठन है। पृथक राज्य बनने के बाद दो बार कांग्रेस सत्ता में रह चुकी है। हरीश रावत ने जिस तरह यह स्वीकार किया है कि कांग्रेस को पर्वतीय लोगों का विश्वास जीतने की चुनौती है, उसी तरह यह कटु सत्य बोलने का साहस जुटायें कि कांग्रेस में गुटबाजी और उत्तराखंड के कांग्रेसियों द्वारा एक-दूसरे की टांग खिंचाई तथा सार्वजनिक रूप से आरोप-प्रत्यारोप के कारण लोगों का कांग्रेस से मोहभंग हो गया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और हरीश रावत लगातार एक-दूसरे के खिलाफ बयान देते रहते हैं। करन माहरा ने लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कहा कि वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव लड़ने से इन्कार कर दिया, इसलिए प्रदेश की सभी सीटों पर पार्टी हार गई। दरअसल हरीश रावत को हरिद्वार से प्रत्याशी बनाने का प्रस्ताव था। हरीश रावत ने अपने बेटे को टिकट देने के लिए हाईकमान पर दबाव बनाया और उनका बेटा पराजित हो गया। कांग्रेस के कुछ अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनने से इन्कार कर दिया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एक मंच पर एक साथ आने में परहेज करते हैं। पहले कांग्रेस के नेता एक-दूसरे का विश्वास जीतने की चुनौती स्वीकार करें।

# संविधान हत्या दिवस मामले को लेकर निंदा की

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया । सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान हत्या दिवस का मतलब है कि संविधान मर चुका है। भाजपा द्वारा प्रत्येक वर्ष में 25 जून को कांग्रेस द्वारा 1975 में लगाई गई इमरजेंसी के दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया है वाकई में वो काला दिन है इसकी जितनी निंदा की जाए वो कम है परंतु भाजपा के संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का भीम आर्मी कड़े शब्दों में निंदा करती है क्योंकि एमरजेंसी लगाने का प्रावधान संविधान की धारा 352, 358 में राष्ट्रपति को यह पॉवर देता है कि देश की सुरक्षा को यदि खतरा हो तो संविधान की धारा 352 का प्रयोग करते हुए इमरजेंसी लगा दी जाए। इसलिए 25 जून को संविधान की हत्या नही हुई है। हां उस दिन लोकतंत्र की हत्या हुई थी, आम जनता के मौलिक अधिकारों की हत्या हुईन थी वो भारत के इतिहास का सबसे काला दिन था। भाजपा को अगर



विरोध दिखाना ही है तो लोकतन्त्र की हत्या दिवस के रूप में मना सकते हैं। संविधान की हत्या तो प्रति दिन भाजपा करती आ रही है, उदाहरण के रूप में देखे तो एक मुस्लिम बच्चे ने गलती की तो उसका पूरा घर बुल्डोज कर दिया जाता है, मोब्लिंचिंग कर दी जाती है। वर्तमान में भाजपा सरकार का आदेश ही देखें तो कांवड़ यात्रा के सभी रूट्स पर फल सब्ज़ी रेस्टोरेंट आदि पर किस धर्म के हो अपना नाम लिखकर लगाने का आदेश योगी और धामी सरकार ने पारित कर दिया। जो यह दर्शाता है कि समुदाय विशेष का सीधे तौर से बायकॉट की शुरुआत कर दी गई है। या फिर समुदाय विशेष को टारगेट किया जा रहा है कि कांवड़ के दौरान किस दुकान पर हमला करना है और किस दुकान को छोड़ना है, कुछ सालों की कांवड़ यात्राओं पर नज़र डालें तो मामूली से एक्सीडेंट या छोटे से विवाद पर किस तरह का तांडव मचाये गए हैं। इसकी क्या गारेंटी है कि इस तरह से नाम लिखने से कोई अप्रया घटना नही घटेगी। कांवड़ यात्रा के दौरान मुस्लिम समाज बहुत बड़ी तादाद में कावड़ियों का और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का स्वागत करने के लिए फूलों की बौछार तथा जलपान की व्यवस्था करते रहे हैं ठीक हिन्दू समाज भी मुस्लिम धर्म के आयोजनों पर इसी तरह फूल और जलपान कराते आये हैं। भारत की गंगा जमुनी तहजीब पर हमला किया जा रहा है। कांवड़ियों को खानपान के लिए मुस्लिम और दलित समाज से ही आपत्ति हो सकती है वो दिन दूर नही जब नाम के साथ जाति भी लिखवाई जाएगी। उसके बाद और भी अल्पसंख्यक समाज के लोग भारत मे निवास करते हैं फिर उनका भी नम्बर आएगा क्योंकि उनको तो सिर्फ हिन्दू दुकानों से ही सामान खरीदना है। बाबा साहेब के संविधान की हत्या खुलेआम की जा रही है, और चले है संविधान हत्या दिवस मनाने।

यदि भाजपा या किसी भी राजनीतिक दल द्वारा असंवैधानिक कार्य किया जाता है तो बाबा साहेब के संविधान की रक्षा के लिए बहुजन समाज सड़कों पर उतर कर धरना प्रदर्शन के माध्यम से पुरज़ोर विरोध करेगा। सभा में सिराज अहमद, जी आर टम्टा, नफ़ीस अहमद खान, विकास कुमार, आर पी गंगोला, विनोद कुमार बौध्द, दीपक चनियाल, शंकर लाल, गजेंद्र पाल सिंह, अहमद अली, हरीश लोधी, मनीष गौतम, नवीन मूलनिवासी, सुनील कुमार, बालकिशन राम, प्रकाश राम टम्टा, आर आर आर्य, मोहन लाल, गंगा प्रसाद, गुड्डू वारसी आदि रहे।

## नैनीताल टूर एंड ट्रेवल वेलफेयर सोसायटी ने की बैठक

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन के दौरान आने वाली समस्याओं को लेकर नैनीताल टूर एंड ट्रेवल वेलफेयर सोसायटी ने टैक्सी यूनियन के साथ बैठक की। संगठन के सभी पदाधिकारियों ने समस्याओं को लेकर पर्यटन व मुख्यमंत्री के साथ भेंट करने की बात कही। शनिवार को बैठक में नैनीताल टूर एंड ट्रेवल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष विजय मोहन खाती ने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान टैक्सी वाहनों को रूसी बाईपासए मस्जिद तिराहा भवाली पर अनावश्यक रोका जाता है। जिससे कारोबार प्रभावित होने के साथ पर्यटकों को भी फजीहत झेलनी पड़ती है। कहा कि पुलिस की ओर से टैक्सी वाहनों के भारी भरकम चालान किये जाते हैं जिससे टैक्सी चालकों को आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने इन समस्याओं को लेकर जल्द ही पर्यटन मंत्री व मुख्यमंत्री से भेंट करने की रणनीति तैयार की। इस दौरान मो. शाह, दीवान रौतेला, विक्की, संदीप साह,मोहित बिष्ट, राजकुमार, गोकुल नेगी, गौरव चौधरी व बबलू रावत मौजूद थे।


## चेत राम शाह ठुलघरियां इंटर कॉलेज में हरेला मेले का उद्घाटन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के प्रतिष्ठित चेत राम शाह ठुलघरियां इंटर कॉलेज में लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा आयोजित प्रसिद्ध हरेला मेला का उद्घाटन शनिवार को उत्तराखंड की विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर रितु खंडूरी ने कहा कि हरियाली का प्रतीक हरेला मेला हमारी संस्कृति से जुड़ा है।

भारत की सभ्यता और संस्कृति में देवभूमि उत्तराखंड का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का जो बीड़ा उठाया है उसे हरेला महोत्सव पूरा करेगा तथा अपनी सांस्कृतिक तथा विरासत को आगे बढ़ाने में आने वाली पीढ़ी को तैयार करेगा। इससे पूर्व शोभा यात्रा संयोजक रानी शाह के नेतृत्व में शोभा यात्रा गोवर्धन हाल से बड़ा बाजार होते हुए चेतराम शाह ठुलघरिया इंटर कॉलेज में पहुंची जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवम महिला समूहों के सदस्यों ने भाग लिया। महोत्सव के शुभारंभ में मोहन लाल शाह बाल विद्या मंदिर की




बालिकाओं द्वारा आकर्षक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, इसके पश्चात विहान सांस्कृतिक कला समिति अल्मोड़ा द्वारा बग्वाल मेला तथा नंदा राजजात यात्रा का आकर्षक मंचन किया गया।

इस दौरान लेक सिटी वेलफेयर क्लब के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य काफ़ी सराहा गया साथ ही क्लब की नई सदस्य ज्योति नौला की एकल प्रस्तुति तथा सैंट जान्स स्कूल के बाल कलाकारों की प्रस्तुति सराहनीय रहीं। समारोह में अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्रा, सीआरएसटी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज पांडे, सामाजिक कार्यकर्ता आलोक शाह, संतोष साह तथा डा. हिमांशु पांडे आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में लेक सिटी वेलफेयर क्लब नैनीताल की वरिष्ठ सदस्य गीता साह, हेमा भट्ट, अमिता साह, जीवन्ती भट्ट, रानी साह, मीनू बुधलाकोटी, सीमा सेठ तथा विनीता पांडे के मार्गदर्शन में क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौढियाल, सचिव दीपा पाण्डे, कोषाध्यक्ष कविता त्रिपाठी, संयोजक डा. प्रगति जैन तथा सह संयोजक दीपिका बिनवाल, कंचन जोशी, प्रेमा अधिकारी, रमा भट्ट, खष्टी बिष्ट सहित रेखा जोशी, सरिता त्रिपाठी, जया वर्मा, संगीता श्रीवास्तव, रेखा पंत, आभा साह, तनू सिंह, तुसी साह, पल्लवी गहतोड़ी, लीला राज तथा दया कुंवर तथा सरस्वती सिराला आदि द्वारा योगदान दिया गया। लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा लोक कलाकार गिरीश बर्गाली, कविता जोशी एवम विहान समिति की अध्यक्ष ममता वाणी सहित कलाकारों संदीप नयाल, प्रियंका, निशा, पिंकी सहित सैनिक शोभायात्रा में सहयोगी बच्चों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन मीनाक्षी कीर्ति,डा. प्रगति जैन, दीपा पांडे तथा ज्योति ढौडियाल ने संयुक्त रुप से किया।

# फिल्मी दुनिया

## पर्दे पर फिर से दस्तक देने जा रही राजामौली की ब्लॉकबस्टर फिल्म



*अभिनेता रवि तेजा की गिनती तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े सितारों में होती है। मास महाराजा के नाम से मशहूर अभिनेती की फिल्मों का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। अभिनेता ने अपने फिल्मी करियर में अनेकों सुपरहिट फिल्में दी हैं। उनके करियर में चार चांद लगाने वाली फिल्मों में विक्रमार्कुडु का नाम भी शामिल है। साल 2006 में रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। एस एस राजामौली के निर्देशन में बनी यह एक्शन ड्रामा फिल्म 18 साल बाद एक बार फिर से अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार है। दरअसल, निर्माताओं ने इस फिल्म एक बार फिर से बड़े पर्दे पर प्रदर्शित करने का फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म 27 जुलाई को दोनों तेलुगु राज्यों के सिनेमाघरों में फिर से रिलीज की जाएगी। हाल ही में विक्रमारकुडु का नया ट्रेलर रिलीज किया गया, ताकि इसके दोबारा रिलीज होने से पहले ही लोगों में उत्साह पैदा किया जा सके। इस ट्रेलर में कॉमेडी, एक्शन से लेकर इमोशन तक देखने को मिला है। साल 2006 की फिल्म की तरह ही ट्रेलर ने बार फिर से लोगों पर एक ठोस प्रभाव डाला है। विक्रमारकुडु में प्रकाश राज, विनीत कुमार, ब्रह्मानंदम, रुथिका, राजीव कनकला, रघुबाबू और अजय भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में एमएम कीरावणी का संगीत है।*

### यह पहला मौका है

*तेलुगु के बाद विक्रमारकुडु कई भाषाओं में बनाई जा चुकी है, जिसमें हिंदी भी शामिल है। फिल्म के हिंदी संस्करण राउडी राठौर में अक्षय कुमार नजर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो निर्देशक एसएस राजामौली की बतौर निर्देशक आखिरी रिलीज फिल्म आरआरआर थी। इसके बाद वह जल्द ही महेश बाबू के साथ फिल्म शुरू करने जा रहे हैं। यह पहला मौका है जब दोनों किसी प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे हैं।*

# सेंट लॉरेन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सेंट लॉरेन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में चयन द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर अपने माता पिता के साथ-साथ विद्यालय का नाम रोशन किया।

जिसमें कार्तिक पाठक का चयन आईआईटी रोपण, तथा हर्षित जोशी का चयन आईआईटी खड़गपुर में हुआ है। इसके साथ ही राष्ट्र सेवा का लक्ष्य लेकर पीयूष खाती का चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में हुआ है, जहा वे हमारे देश की रक्षा करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन अनिल जोशी, डायरेक्टर सुनील जोशी, प्रधानाचार्या अनिता जोशी तथा विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकों द्वारा इन विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ ही इनके अनुभव समस्त विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

विद्यालय परिवार ने इन विद्यीर्थियों के प्रथक प्रयासों से अर्जित सफलता हेतु उनको प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



## News कॉर्नर

### योगी आदित्यनाथ के भाई को धमकी देने के आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाई शैलेश बिष्ट को धमकी देने के आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ में हुई। प्रकरण के अनुसार भारतीय सेना में तैनात योगी आदित्यनाथ के भाई शैलेश बिष्ट ने कोटद्वार पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता क्रांति कपरवाण ने उनके परिवार को लेकर विगत 16 जून को सोशल मीडिया पर कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की जब उसने उक्त सामग्री हटाने का अनुरोध किया तो आरोपी ने फोन पर मेरे साथ बदसलूकी की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। आरोपी की ओर से गिरफ्तारी से बचने के लिये हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। कहा गया कि मामला राजनीतिक विद्वेष पर आधारित है। अंत में अदालत ने आरोपी की गिरफ्तारी पर रोक जारी कर दी।

### कालाढूंगी में 23.0 एमएम बारिश, दो सड़कें अब भी बंद

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले में बीते 24 घंटे में औसत बारिश 5.2 एमएम रिकार्ड की गई। कालाढूंगी में सबसे अधिक 23.0 एमएम, हल्द्वानी में 12.0 एमएम व रामनगर में 1.2 एमएम बारिश हुई। मुक्तेश्वर में 0.2 एमएम तथा नैनीताल, श्री कैंचीधाम, धारी, बेतालघाट सूखा रहा। जिले में देवीपुरा-सौड व हरीशताल मोटर मार्ग बंद है। संबंधित विभाग बंद सड़कों को खोलने में जुटे हैं। इधर जिला प्रशासन ने आज और कल 22 जुलाई को भारी बारिश की चेतावनी के चलते रेड अलर्ट घोषित किया है। इस दौरान लोगों से नदी-नालों से दूर रहने की अपील की गई है।

# फसल वित्तमान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं आतमा गर्वनिंग बोर्ड की बैठक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में फसल वित्तमान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एंव आतमा गर्वनिंग बोर्ड की संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने फसल वित्तमान 2024-25 को पुनः परिक्षण किये जाने हेतु समीक्षा की तथा सहायक गन्ना आयुक्त एंव मुख्य उद्यान अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद हरिद्वार, देहरादून एंव नैनीताल के द्वारा क्रमशः गन्ने की फसल एंव लीची की फसल के वित्तमान का अवलोकन करते हुये जनपद ऊधम सिंह नगर में गन्ने एंव लीची की फसल के वित्तमान का




पुनः परिक्षण कर संशोधन की कार्यवाही करें। डीएम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान फसल बीमा कम्पनी के जिला समन्वयक को निर्देश दिये कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये जनपद के समस्त बैंक शाखाओं में जाकर किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को फसल बीमा में अच्छादित करवाना सुनिश्चित करें, साथ ही मुख्य विकास अधिकारी को फसल बीमा की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में संचालित आतमा योजनान्तर्गत आतमा गर्वनिग बोर्ड की भी समीक्षा की। आतमा गर्वनिंग बोर्ड के अध्यक्ष/ जिलाधिकारी ने मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि विकासखण्ड स्तर पर किये जाने वाले प्रशिक्षण एंव कृषक गोष्ठी की कार्य योजना पूर्व में ही तैयार कर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, विधायक, किसान संगठन एंव एफपीओ को सूचित करेंगे। डीएम ने मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में स्थापित गौशालाओं के गौपालको को पशुओं के रख -रखाव एंव भोजन आदि से सम्बन्धित प्रशिक्षण करायें। उन्होंने रेशम विभाग एंव उद्यान विभाग को भी योजनान्तर्गत नवाचार कार्य करने हेतु निर्देश दिये। उन्होने कृषि विज्ञान केन्द्र,काशीपुर के वैज्ञानिकों को निर्देश दिये कि संस्था/जनपद के प्रत्येक विकासखण्डो में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराते हुये ग्रीष्म कालीन धान के विकल्प के रूप में मक्का/उर्द/मूंग/गन्ना आदि फसलो के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु प्रदर्शनो के माध्यमों से कृषको को जागरूक किया जाये। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ एसबी पाण्डे, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, मत्स्य, रेशम एंव गन्ना विभाग के अधिकारी समेत प्रगतिशील कृषक मौजूद थे।

# आफतः हल्द्वानी में कांप्लेक्स की दुकानों में घुसा बारिश का पानी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में बीती रात हुई बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। तिकोनिया स्थित कांप्लेक्स की दुकानों में पानी घुसने से इलेक्ट्रिनिक समेत आदि सामान खराब हो गया। इस मामले में दुकानदारों ने सिटी मजिस्ट्रेट से शिकायत दर्ज कराई है।

तिकोनिया स्थित कांप्लेक्स में इलेक्ट्रानिक सामान के शोरूम समेत तमाम दुकानों में बरसाती पानी घुस गया। शोरूम स्वामी ध्रुव ने बताया कि कांप्लेक्स में एक दुकान स्वामी ने अवैध निर्माण कर रास्ता बंद कर दिया है, इसी के कारण बरसात का पानी कांप्लेक्स के भीतर घुस गया। उन्होंने बताया कि शोरूम में पानी घुसने से हजारों का सामान खराब हो गया है। रविवार सुबह के समय शोरूम में दो फिट तक पानी भर गया था। सूचना पर





वह शोरूम पहुंचे और सारा सामान बाहर निकाला। ध्रुव ने बताया कि अवैध निर्माण करने वाले की शिकायत सिटी मजिस्ट्रेट से की गई है। उन्होंने अवर अभियंता को मौके पर भेजने का आश्वासन दिया। इधर कांप्लेक्स में सुबह से ही अफरातफरी का माहौल रहा। दुकानों से मोटर के जरिए पानी बाहर निकाला गया।

**आरोप**
- इलेक्ट्रिक सामान समेत हजारों का सामान हुआ खराब
- अवैध निर्माण कर निकासी बंद करने का लगाया आरोप

# बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने कसा शिकंजा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

शहर में बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूलों पर शिक्षा विभाग ने शिकंजा कसना शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग ने चार स्कूलों को नोटिस जारी किया है। शिक्षा विभाग के एक्शन से अवैध रुप स्कूल संचालित कर से संचालकों में खलबली मच गई है।

ऊधमसिंहनगर में पिछले कुछ वर्षो से बिना मान्यता के स्कूलों संचालन की लगातार खबरें समने आती रही है। क्षेत्र में दो दर्जन से ज्यादा अवैध स्कूल ऐसे घरों में संचालित हो रहे हैं,जहां न तो प्ले मैदान है और न हवादार कमरे, कभी हादसा हुआ तो वहां पर न तो फायर विभाग पहुंच पायेगा और न ही आसानी से प्रशासन की टीम। शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरुआत में शिक्षा विभाग ने लगातार मिल रही शिकायतों पर अभियान चलाया था। अभियान के दौरान कई स्कूल बिना मान्यता के संचालित होते पाए गए। खंड शिक्षा अधिकारी ने इसकी रिपोर्ट मुख्य शिक्षा

**खलबली**
- विभाग ने चार स्कूलों को थमाया नोटिस

अधिकारी को भेजी थी। इस पर मुख्य शिक्षा अधिकारी ने उक्त स्कूलों के नोटिस की कार्रवाई शुरू की। सूत्रों की मानें स्कूल संचालित करने वाले राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं।

**इन स्कूलों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने की कार्रवाईः** मुख्य शिक्षा अधिकारी पीएस रावत ने बताया कि जिन स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें सेमी मांटेसरी पब्लिक स्कूल, ठाकुर नगर के मार्डन पब्लिक स्कूल,न्यू द्रोण नेशनल स्कूल,डीआर जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य शामिल हैं। नोटिस में एक सप्ताह में स्कूल बंद करने के आदेश दिए हैं। नोटिस में साफ चेतावनी दी गई है कि वह एक सप्ताह में स्वतः स्कूल बंद कर दें, नहीं उनपर जुर्माना लगाकर बैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# एक पेड़ धरती मां के नाम के अंतर्गत सुरई के 25 पौंधे रोपे



नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर में विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय एवम एलुमनी सेल द्वारा डीएसबी परिसर में आज एक पेड़ धरती मां के नाम के अंतर्गत डीएसबी में सुरई के 25 पौंधे रोपे गए ।

वनस्पति विज्ञान की शोध छात्रा दिशा उप्रेती द्वारा तैयार किए गए सुरई के पौधे वनस्पति शास्त्री तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व प्राध्यापक स्वर्गीय प्रो यशपाल सिंह पांगती ,स्वर्गीय प्रो आरडी खुल्बे,स्वर्गीय प्रो गिरी बाला पंत की स्मृति में आयोजित हुआ तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । सुरई जिसे हिमालयन साइप्रेस कहा जाता है का वानस्पतिक नाम क्यूप्रेसस टोरूलिसा है। सुरई वेस्टर्न हिमालय का नेटिव है । सुरई ऊंचाई वाले छेत्र में मिलते है तथा जिम्नोस्पर्म ग्रुप के है । सुरई से लीसा मिलता है इससे सरना देव भी माना जाता है। क्युप्रेसुस ऑयल इसी से बनता है। सुरई की लकड़ी इस्तेमाल होता है तथा भू कटाव को रोकता है।

पौधरोपण कार्यक्रम ,पूर्व निदेशक एच एफ आर आई तथा फेलो ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज नसी फेलो ,फेलो ऑफ रॉयल सोसाइटी ऑफ बायोलॉजी लंदन डॉक्टर शेर सिंह सामंत, प्रो. एसडी तिवारी , विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह बर्गली,निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी, प्रो. सुषमा टम्टा प्रो. अनिल बिष्ट, डॉक्टर हर्ष चौहान, डॉक्टर नवीन पांडे ,डॉक्टर हेम जोशी, डॉक्टर प्रभा पंत , दिशा उप्रेती, आनंद ,लीला ,विजय कुमार, सर्वेदु वर्मा ,रिचा आर्य, गीतांजलि उपाध्याय, इंदर रौतेला, एमएससी बॉटनी के शिवांगी रावत, पूजा गुप्ता, कृतिका जोशी, ममता अधिकारी, आदि उपस्थित रहे तथा पौधे लगाए ।

### हरेला पर्व को लेकर जंगलों में सीड डिस्क फेंके

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद् के क्षेत्रीय केन्द्र पटवाडांगर में हरेला पर्व के उपलक्ष्य में केंद्र के प्रभारी डा0 सुमित पुरोहित के नेतृत्व में शोधार्थियों व कर्मचारियों द्वारा सीड डिस्क पास के जंगलों व पटवाडांगर के क्षेत्र में फेंके गए।

ज्ञातव्य है कि सीड डिस्क को प्रयोगशाला में अनुप्युक्त टिश्यू कल्चर मीडिया के पोषक तत्वों के साथ मिट्टी के अंदर फलों के बीज के मिश्रण से तैयार कर इन्हें दुर्गम पर्वतीय इलाकों में फेंका जाता है।

# ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में युवक को गोली लगी, हल्द्वानी हायर सेंटर रेफर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

शनिवार देर शाम को थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से घायल हो गया। युवक को लहूलुहान देख परिजनों के होश उड़ गए।

परिवार के लोग उसे आनन-फानन में उपचार को अस्पताल ले कर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। युवक के गोली लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। हालांकि पुलिस को मौके से कुछ मिला नहीं है।

बताया जा रहा है कि शनिवार देर शाम को ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर श्मशान घाट रोड निवासी विशाल नाम के युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। गोली युवक के पेट में लगी। युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। इसके साथ ही आस पास लोगों से भी घटना की जानकारी ली गई।

पुलिस घटना के दौरान मौजूद लोगों से पूछताछ भी कर रही है। युवक की उम्र 22 वर्ष बताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर घटना को लेकर क्षेत्र में तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। पुलिस को मौके से कोई हथियार नहीं मिला है गोली कौन से हथियार से चली। पुलिस की जांच जारी है।

# हल्द्वानी में टैंट कारोबारियों के गोदाम से माल ले गया ठग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में एक ठग टैंट व्यापारियों के गोदामों से सामान ले गया। सामान न लौटाने पर टैंट कारोबारी रविवार को कोतवाली पहुंचे और तहरीर सौंपी। महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष हर्षवर्धन पांडे के नेतृत्व में कारोबारी कोतवाली पहुंचे और कोतवाल से मिले।

उनका कहना था कि बीते कुछ समय से एक व्यक्ति अपना नाम हरीश पांडे बताकर टैंट कारोबारियों के गोदाम से सामानय एकत्र कर रहा है। लंबे समय बाद जब कारोबारियों का सामान वापस नहीं आया तो उन्होंने इस व्यक्ति की छानबीन की। इस पर पता चला कि वह मेडिकल कालेज



हल्द्वानी में माली का काम करता है। उसके दिये मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो फोन बंद आ रहा है। उन्होंने पुलिस से इस व्यक्ति की तलाश कर टैंट कारोबारियों का सामान वापस दिलाने की गुहार लगाई है। बताया कि ठग हरिओम टैंट, आरके टैंट, हर्ष टैंट, कुमाऊं टैंट व प्रगति टैंट हाउस से सामान लेकर गया है। कोतवाल से मिलने वालों में एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिष्ट, संरक्षक भोला दत्त भगत, नंदकिशोर कर्नाटक,

**ठगी**
- अब कोतवाली पहुंचे कारोबारियों ने सौंपी तहरीर

हरीश दरम्वाल, विमल तौलिया, गोपाल भट्ट, योगेश तिवारी, गिरीश हेड़िया, देवेश भट्ट आदि शामिल थे।